SHINE LAWYERS
RIGHT WRONG.

गोपनीय और क्लाइंट कानूनी विशेषाधिकार के अधीन

**ISGM** सामूहिक कार्रवाई अपडेट - मई **2019**

**Robert Mutch** बनाम **ISG Management Pty Ltd**

**ISG Management Pty Ltd (ISGM)** के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई के लिए **Shine Lawyers (Shine)** के साथ रजिस्टर करने हेतु एक बार फिर से आपका धन्यवाद। हम आपको केस की स्थिति के बारे में अपडेट प्रदान करने के लिए लिखते हैं।

मार्च 2019 में हमारे अंतिम अपडेट के बाद से, ISGM ने अपना बचाव दर्ज किया और उस पर कार्य किया, इस आरोप से इनकार किया कि समूह के सदस्य जिन्होंने ISGM के साथ उप-अनुबंधित व्यवस्था में प्रवेश किया था, वे वास्तव में ISGM के कर्मचारी थे।

14 मई 2019 को, मामले के प्रबंधन के लिए फेडरल कोर्ट ऑफ अस्ट्रेलिया के सामने एक केस मैनेजमेंट सुनवाई के लिए पक्ष (Shine और ISGM) पेश हुए, जिसमें क्रॉस क्लेम, बहाली आवेदन, कॉमन फंड ऑर्डर और असामूहिकीकरण/ऑप्ट-इन आवेदन सहित विभिन्न कानूनी मामलों पर चर्चा की गई। कोर्ट की उपलब्धता के आधार पर अगस्त 2019 या अक्टूबर 2019 की शुरुआत में कोर्ट में इन पर सुनवाई होगी। सुनवाई की तारीख निश्चित होने के बाद हम आपसे संपर्क करेंगे।

हम इस मामले की संभावनाओं पर दृढ़ता से विश्वास करते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए अथक संघर्ष करेंगे कि न्याय मिले, और आप उन लाभों को प्राप्त करें जिनके आप हकदार हैं। हम आपको अपने साथी कर्मचारियों को इस सामूहिक कार्रवाई और रजिस्टर करने की प्रक्रिया के बारे में सूचित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि मामले को ज़्यादा से ज़्यादा समर्थन मिल सके।

यदि इस अपडेट या सामूहिक कार्रवाई के किसी भी पहलू के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो कृपया **(02) 8754 7246** या **1800 316 471** पर कॉल करके या **isgmclassaction@shine.com.au** पर हमें ईमेल के जरिए संपर्क करने में संकोच न करें।

केस मैनेजमेंट सुनवाई का पूरा विवरण:

क्रॉस क्लेम

अपने बचाव के अलावा, ISGM ने प्रमुख आवेदक, Robert Mutch और जिस कंपनी के वे निदेशक थे, दोनों के खिलाफ एक क्रॉस क्लेम किया है। हमारा मानना है कि ISGM के क्रॉस क्लेम में सफलता मिलने की अच्छी संभावनाएं नहीं है और हम क्रॉस क्लेम को ख़ारिज करने के लिए आवेदन करेंगे।

क्रॉस क्लेम में, ISGM का आरोप है कि, यदि श्री Mutch अपने दावे में सफल होते हैं, तो ISGM को हक है कि उसे वह धन वापस किया जाए जो उसके साथ उप-अनुबंधित कंपनी को उसने दिया था।

ISGM का आरोप है कि यदि मिस्टर Mutch सफल होते हैं और उन्हें ISGM का कर्मचारी पाया जाता है, तो उसकी कंपनी और मिस्टर Mutch दोनों, व्यक्तिगत रूप से, स्पष्ट रूप से पार्टियों के रिश्ते को स्वतंत्र ठेकेदार और कर्मचारी/नियोक्ता नहीं होने के रूप में परिभाषित करने वाले एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने द्वारा गुमराह और भ्रामक आचरण में लिप्त हैं।

बहाली आवेदन

ईमेल अपडेट की तारीख के अनुसार, कंपनी के प्रमुख आवेदक, Mutch Better Communications Pty Ltd (**MBC**) के निर्देशक थे, रजिस्टर्ड नहीं हैं।

ISGM एक आवेदन किया है जो MBC को बहाल करने के आदेश की मांग कर रहा है ताकि वह इसके खिलाफ इसके क्रॉस क्लेम पर मुकदमा चला सके। बहाली आवेदन न्यायधीश Bromberg द्वारा संभावित रूप से उसी समय सुना जाएगा जब जज साहब क्रॉस क्लेम को ख़ारिज करने के लिए हमारे आवेदन को सुनेंगे।

कॉमन फंड ऑर्डर

मार्च अपडेट के बाद से, हमने कॉमन फंड ऑर्डर के लिए एक आवेदन किया है। एक कॉमन फंड ऑर्डर फंडिंग शर्तों के लिए एक ऑर्डर है जिसमें प्रमुख आवेदक पूरे समूह पर लागू करने के लिए मुकदमेबाजी फंड करने वाले के साथ शामिल हुआ है।

हमें एक कॉमन फंड ऑर्डर के लिए आवेदन के संबंध में सबूत पेश करने का आदेश दिया गया है। हमारा मानना है कि सामूहिक कार्रवाई की कार्यवाही में कॉमन फंड ऑर्डर प्रमुख आवेदकों और सभी समूह सदस्यों के हितों की रक्षा में, और उनके लिए निष्पक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि कॉमन फंड ऑर्डर आवेदन सफल होता है, तो सभी समूह सदस्य अपनी वसूली का एक हिस्सा Litigation Lending Services (**LLS**) को अदा करेंगे, जो सामूहिक कार्रवाई की कानूनी लागतों का वित्तपोषण कर रहा है।

असामूहिकीकरण या ऑप्ट-इन आवेदन

10 मई 2019 को ISGM ने एक आवेदन किया जिसमें 'असामूहिकीकरण' का आदेश दिया गया था।

यदि ISGM अपने आवेदन में सफल होता है, तो प्रभाव यह होगा कि मामला एक सामूहिक कार्रवाई के रूप में चलना बंद हो जाएगा और प्रत्येक समूह के सदस्य को ISGM के खिलाफ एक अलग दावा पेश करने की आवश्यकता होगी। ऐसा आदेश देने के लिए, अदालत को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि समूह के सदस्यों के दावों के बीच अपर्याप्त साझे मुद्दे हैं जो एक सामूहिक कार्रवाई के रूप में मामले को आगे बढ़ाते हैं।

<u>हम मानते हैं कि ISGM का 'असामूहिकीकरण' आवेदन असफल होगा</u> विशेष रूप से ISGM द्वारा कार्यान्वित कार्य के मानकीकृत प्रणाली के संबंध में है जो सभी उप-अनुबंधित व्यक्ति पर लागू होता है।

पार्टियों को असामूहिकीकरण आवेदन के संबंध में और ISGM के वैकल्पिक आवेदन के संबंध में सबूत पेश करने का आदेश दिया गया है कि सामूहिक कार्रवाई 'ऑप्ट-इन' आधार पर की जाए।